आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 29.03.2019

आरेडिका में "भारतीय रेल टैक्नोलॉजी मिशन" (टीएमआईआर) की बैठक

श्री राजेश अग्रवाल, मेंबर रोलिंग स्टॉक/रेलवे बोर्ड आज दिनांक 29.03.2019 से दो दिवसीय आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, के निरीक्षण दौरे पर हैं। इस दो दिवसीय दौरे में श्री अग्रवाल की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा बनाये गये "भारतीय रेल टैक्नोलॉजी मिशन" (टीएमआईआर) की बैठक महाप्रबंधक सभागार आरेडिका में आयोजित की गयी।

यह बैठक आरेडिका में लागू किए गए "इंण्डस्ट्री 4.0 मानकों" को पूरी भारतीय रेल में लागू करने हेतु की गई। इन मानकों में कारखाने में लगी मशीनों को चलाने के लिए प्रोग्राम, रेखाचित्र इत्यादि रिमोट कम्प्यूटर संचालन द्वारा दिए जाते हैं। मशीनों के द्वारा उत्पादन पर ध्यान रखा जाता है और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आवश्यक डाटा समीक्षा हेतु उपलब्ध करवाया जाता है।

इस बैठक में महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के साथ–साथ प्रोफेसर एन. एस व्यास, आईआईटी कानपुर, चेयरमैन एमआईसीसी, श्री आर. सुब्रमण्यम, सचिव एमएचआरडी, श्री जितेन्द्र सिंह, ईडी/(ई एण्ड आर), रेलवे बोर्ड के आरेडिका से श्री आलोक कुमार, सीएओ, श्री दावा छेरिंग, पीएफए, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस बैठक के समापन के पश्चात श्री अग्रवाल ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में हो रहे कई खेलों से संबंधीत ग्राउंड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं हॉकी ग्राउंड के निर्माण कार्य पूर्ण होने किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

इस दौरे पर श्रीमती दीप्ति अग्रवाल, भातीय रेल महिला कल्याण केन्द्र संगठन की सदस्या के द्वारा आरेडिका मे कार्यरत कर्मचारियों की 9वीं एवं 10वीं कक्षा की 47 छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती छवि अनूप, उपाध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन, आरेडिका उपस्थित रहीं।

29/3/19

(आर.पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी